हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

भानुप्रतापदेव महाविद्यालय के हिंदी पखवाड़े... 12



स्वच्छ अभियान के तहत साफ सफाई ... 12





## खबर संक्षेप



### वॉल पेंटिंग के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा के राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो के स्वयंसेवकों ने चारामा एवं ग्राम जैसाकर्रा में वॉल पेंटिंग कर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। स्वयंसेवकों ने गांव-गांव जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुँचाया। जिले के रासेयो जिला संगठक डॉ. अभिषेक मिश्र, पूर्व जिला संगठक डॉ. कुरैशी, प्राध्यापक दीपिका सोम, प्रियंका दौलखानी, महादलनायक युगल, दल नायक राहुल, दल नायिका प्रतिमा सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सीएमओ कौशिक हुए सेवानिवृत्त

**कांकेर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में जूनियर आडिटर के पद पर पदस्थ नरेश



कौशिक 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए। उनके द्वारा महारानी अस्पताल जगदलपुर से अपनी शासकिय सेवा 1983 से शुरू किया और कांकेर में 1990 से विभिन्न कार्यालयों में रहकर अपनी पूरी सेवा 41 वर्ष 7 माह 15 दिन पूरा किया। परिवार में उनकी पत्नी भी कन्या शाला कांकेर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है।

### स्वच्छता अभियान का समापन कल

**कांकेर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 02 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः साढ़े 10 बजे से किया जाएगा। आयोजित समापन समारोह में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने समापन एवं सम्मान समारोह में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### अस्पताल पहुंचने से पहले मरीज की मौत

**कांकेर।** बांदे निवासी सुरेश आंचला का 29 सितंबर को अज्ञात कारणो के चलते मौत हो गया। मृतक को ईलाज के लिए सीएचसी पखांजुर ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत काराकोदा निवासी रूपेश उसेंडी का 28 सितंबर को सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गया। काराकोदा निवासी मुकेश उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 9057 में सवार होकर निजी काम से जबेली शेष पेज 10 पर

# गौठान पर अवैध कब्जा, रामपुर के ग्रामीण उग्र, कोटवार को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

विकासखण्ड चारामा के ग्राम रामपुर के निवासियों ने अवैध कब्जे को लेकर उग्र हो गए और अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रामपुर के ग्रामीणों ने ग्राम के कोटवार द्वारा ग्राम के जमीन को अवैध रुप से अतिक्रमण करने पर उचित कार्यवाही करने की मांग किया है। चारामा के ग्राम रामपुर के ग्रामीण कोटवार के द्वारा जमीन को अवैध कब्जा करने से उग्र होकर 30 सितंबर को सीधे एसडीएम कार्यालय पहुँचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, वहीं पर ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि ग्राम के कोटवार शोभाराम को उनके जीवन यापन के लिए 5 एकड़ भूमि ग्राम के सियानो द्वारा दिया गया था, इसके बाद भी कोटवार द्वारा ग्राम के गौठान को अवैध रुप से अतिक्रमण करते हुए रात में जमीन की जोताई कर धान की बुआई भी कर चुका है, जिस पर ग्रामीणों के मना करने पर अभद्र व्यवहार करता है। ग्रामीणों के द्वारा समझाईश देने पर विवाद करता रहता है। कोटवार के द्वारा बरते जा रहे व्यवहार की जानकारी इसके पहले भी शासन प्रशासन को दिया गया था, परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। कोटवार के बढ़ते हौसलके चलते ग्रामीण अब उग्र हो गए है और पूरा गाँव के लोगो ने फिर से अनुभागीय आधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ग्रामीणों का यह भी कहना है अगर शासन प्रशासन इस पर सही कार्यवाही नही करता तो इस पर ग्राम पंचायत आपने अनुसार कार्यवाही करेगी, जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार



#### जमीन को मुक्त करा कोटवार को पदमुक्त करें

रामपुर के ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी चारामा से मुलाकात किया और पूरी समस्या बताते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के उपरांत मीडिया को बताया कि हमारी माँग है कि कोटवार ने गौठान में जिस जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा किया है, उसे मुक्त करवाया जाएं और उसे कोटवार पद से हटाया जाए।

## शिविर : बांटना पड़ा टोकन, एक दिनी शिविर अब तीन दिन चलेगा

# लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनवाने पांच हजार जुटे, व्यवस्था बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- त्योहार के बाद विकासखंडों में भी लगाए जाएंगे शिविर

लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन 30 सितंबर को नरहरदेव स्कूल में किया गया था। लायसेंस बनवाने के लिए लगभग जिलेभर से 5000 युवा पहुँच गए, जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा गई, अंत में यातायात टीम ने पहुँचे लोगों को टोकन बांटा, दो हजार टोकन का वितरण किया गया। टीम ने ऐलान किया है कि एक दिवसीय शिविर को अब 3 अक्टूबर तक चलेगा। पहले दिन केवल 100 लोगों का ही लायसेंस बन सका। शहर के आत्मानदं नरहरदेव स्कूल में लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस का शिविर का आयोजन सुबह साढ़े 10 बजें से दोपहर 3 बजे तक किया गया था। लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस शिविर का आयोजन जिला परिवहन विभाग व यातायात पुलिस के तत्वाधान में आयोजन किया गया था। लायसेंस बनवाने के लिए आधार कार्ड, 2 नग पासपोर्ट फोटो या 10 वी,12 वी का अंकसूची की छायाप्रति लाना था तथा बाइक के लिए शुल्क राशि 350 रूपएं व लाईट मोटर व्हीकल के लिए 500 रूपया था। दोनो ही विभाग का अनुमान नही था कि जिलेभर से हजारो की संख्या में लोग पहुंच जाऐंगे और भीड़ को संभालना मुश्किल हो जाएगा। सभी का एक साथ ड्रायविंग बनाना संभव नही था, जिससे पहले टोकन वितरण किया गया। टोकन के लिए लंबी लाईन लग गई। कई लोग तो काफी समय तक टोकन के लिए लंबी लाईन में लगे रहे, फिर भी टोकन नही मिला तो लाईन छोड़कर वापिस चले गए। कई लोग तो लंबी भीड़ को देखकर बिना टोकन लिए ही वापिस लौट गए। कई लोग शिविर को ही देखकर वापिस लौट गए। परिवहन विभाग के अनुसार 2 हजार लोगो को टोकन दिया गया है और सभी को नंबर के अनुसार शिविर में लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस के लिए बुलाया जा रहा है। शाम 7 बजे तक ड्रायविंग लायसेंस बनाने की प्रकिया किया गया, जिसमें 100 लोगो को ड्रायविंग लायसेंस बनाकर दिया गया।





#### शिविर में पहुँचे लोगों को उठानी पड़ी दिक्कतें

कोयलीबेड़ा के राजाराम उसेंडी, भोड़िया के के श्याम साय ने कहा कि सुबह साढ़े 10 बजे शिविर स्थल पहुंच गए थे, लेकिन 3 बजे तक उनको टोकन नही मिल पाया है। काफी ज्यादा अव्यवस्था है, कई लोग तो भीड़ को देखकर वापिस लौट गए। नरहरपुर के देवगांव के अनिल नेताम, शिवचरण कोमरा ने कहा लंबी लाईन में लगे थे, लेकिन ज्यादा भीड़ देखकर लाईन से अलग हो गए। कई लोग इतनी दूर से पहुंचे है और उन्हे टोकन तक नही मिल पाया और बिना टोकन के वापस लौटे।

#### अब टोकन नहीं बटेगा, 3 अक्टूबर तक रहेगा शिविर

यातायात विभाग के उपनिरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी ने कहा कि पहले एक ही दिन का शिविर रखा गया था, लेकिन एक साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। जिसका अनुमान नही लगाया गया था। अब शिविर को 3 अक्टूबर तक कर दिया गया, लेकिन अब टोकन नही कटेगा, जिनका टोकन कट गया है। उन्ही का लायसेंस बनाकर दिया जाएगा। त्योहार बाद में जिले के सभी विकासखंड में इसी तरह का शिविर लगाया जाएगा।

## विधायक सावित्री के काफिला के सामने नारा में आया भालू तो खिलाया बिस्कुट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी का एक अनोखा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक जंगली भालू को बिस्कुट खिलाते नजर आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार विधायक का सोशल मीडिया में वायरल वीडियो कांकेर जिले के विकासखंड कांकेर के ग्राम नारा का है, जहां भानुप्रतापपुर विधायक के काफिले के सामने अचानक एक भालू आ गया। विधायक ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और बिना किसी भय के भालू को बिस्कुट खिलाया। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया और उपस्थित लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार हाल के दिनों में जंगली जानवरों, खासकर भालुओं की घुसपैठ बढ़ी है।

वन विभाग ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है, ताकि संभावित खतरे से बचा जा सके। वन विभाग ने यह भी कहा कि भालू जैसे जंगली जानवर अप्रत्याशित रूप से हिंसक हो सकते हैं, इसलिए आम जनता को उनसे उचित दूरी बनाए रखनी चाहिए। इस घटना ने विधायक सावित्री मंडावी की संवेदनशीलता और वन्यजीवों के प्रति उनके विशेष जुड़ाव को उजागर किया है। यह वीडियो वन्यजीव संरक्षण और उनकी सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का भी एक माध्यम बन रहा है।

## पैसे की बात पर पिता-पुत्र की पिटाई रिपोर्ट दर्ज लेकिन आरोपी हैं फरार



**कांकेर।** नए बस स्टैंड कांकेर के बाजार डोम के पास पिता के साथ मारपीट करने पर छुड़ाने के लिए गए बेटे के साथ भी युवको ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट का शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे कोदाभाट निवासी 32 वर्षीय अविनाश पुरी गोस्वामी पिता रामेश्वर पुरी गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक का काम करता हूं और 30 सितंबर को दोपहर साढ़े 12 बजें नया बस स्टैंड बाजार डोम के पास चाय पी रहा था, वहीं पास में रूपएं पैसो की बात को लेकर आरोपी शोयब अखतर एवं इरफान रजा उर्फ आकिब एवं अन्य लोगो के द्वारा मेरे पिता को गाली दे रहें थे। सभी आरोपी एक राय होकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे, जिसे देखकर मैं वहां पर गया और बोला कि क्या हो गया है। मेरे पिता को आप लोग क्यों मार रहे हो, सभी आरोपियों ने कहा कि तू कौन है, बीच में आने वाला कहकर मेरे साथ मारपीट कर गाली देने लगे। मैने आरोपियों से कहा कि मेरे पिता के साथ मारपीट कर रहे थे, इसीलिए पूछ रहा था। आरोपी गुस्से में आकर मेरे साथ भी बेरहमी से मारपीट करने लगे। आरोपियो की मारपीट से मेरे बाएं हाथ एवं सीना में चोट लगा है और मेरे शेष पेज 10 पर

## बाजारपारा मैदान पर जुआ छह पुलिस की गिरफ्त में

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम मथुरा के बाजार पास मैदान में जुआ खेल रहें 6 जुआरी को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से नगद 2 हजार 150 रूपएं व ताश पत्ती हो जप्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ लोग ग्राम मथुरा बाजारपारा बाजार के पास खुला मैदान में जुआ खेल रहें है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी करते हुए 29 सितंबर को दोपहर 3 बजे छापा मारा। पुलिस को आता देख कुछ जुआरी भागने में सफल हुए, वहीं मौके पर 6 जुआरियों को पकड़ने में पुलिस कामयाब रही। मौके पर पकड़ाए जुआरियों में पीव्ही 129 निवासी 58 वर्षीय प्रशांत सरकार पिता स्व. ऊषा पद सरकार, ऐसेबेड़ा निवासी 44 वर्षीय घनश्याम श्रीवास्तव पिता स्व. कैलाश श्रीवास्तव, पीव्ही 14 निवासी 44 वर्षीय कृष्ण सरदार पिता स्व. केनाराम सरदार, मथुरापारा ऐसेबेड़ा निवासी 54 वर्षीय हीराराम रजक पिता सदरू राम, पीव्ही 15 गोविंदपुर निवासी 40 वर्षीय विजय घरामी पिता स्व. विरेन्द्र घरामी और 53 वर्षीय ठाकुर दास मंडल पिता स्व. जतिन्द्रनाथ शेष पेज 10 पर



## जिला अस्पताल परिसर से बाइक की चोरी, फरार आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



जिला अस्पताल परिसर में मरीज के परिजन का वाहन चोरी हो गया। वाहन के मालिक ने आसपास के लोगो से पूछताछ किया, लेकिन कोई जानकारी नही मिलने पर थाना कांकेर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया है। थाना कांकेर में चोरी की शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम डुडुमबाहरा निवासी 26 वर्षीय मुकेश कुमार शोरी पिता भगवान सिंह शोरी ने पुलिस को बताया कि मेरे बड़े भाई रामु मंडावी का तबियत खराब होने से ईलाज के लिए मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजी 0212 में बैठाकर 18 सितंबर को जिला अस्पताल कांकेर लेकर गया। बड़े भाई रामु मंडावी को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मै मोटर सायकल को 23 सितंबर को अस्पताल परिसर में पार्किंग कर अस्पताल के अंदर अपने भाई के पास चला गया और उसी दिन शाम करिबन साढ़े 4 बजें गाड़ी को पार्क किए हुए जगह पर आकर देखा तो मेरा वाहन वहा पास नही था। काला रंग का मोटर सायकल जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रूपएं को कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। आसपास के लोगो से पूछताछ किया, लेकिन कोई पता नही चला। जिला अस्पताल में निर्माण कार्य होने के चलते वहाँ पर बिल्डिंग मटेरियल का सामान पड़ा हुआ है और मरीज के परिजन एवं स्टाप को जहाँ जगह मिलती है, वहाँ पर वाहन खड़े कर देते है। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है और वाहनों के खड़े करने का दबाव भी बढ़ गया है, उसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने दो पहिया वाहन को ले उड़े। अस्पताल प्रबंधन ने गंभीरता नहीं दिखाया तो ऐसी घटना की फिर से पुनरावृत्ति हो सकती है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## भारत में सूतक का भी प्रभाव शून्य रहेगा

# पितृ अमावश्या पर साल का आखिरी सूर्य ग्रहण कल, भारत में नहीं दिखेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- चतुर्ग्रही योग में कन्या राशि सर्वाधिक प्रभावित

पितृ पक्ष की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर है, इसे सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या कहा जाता है। इस दिन सूर्य ग्रहण भी होगा, लेकिन यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा, इसलिए हमारे यहां इस ग्रहण का सूतक नहीं रहेगा।

सर्व पितृ अमावस्या पर सभी पितरगण अपने-अपने लोग वापस चले जाएंगे। शास्त्रों में पितरों के लिए अमावस्या तिथि विशेष मानी गई है। इस तिथि पर पितरों को तर्पण करने से वे प्रसन्न होते हैं और अपने प्रियजनों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस बार सर्व पितृ अमावस्या पर साल का आखिरी सूर्य ग्रहण भी है। साथ ही साथ इस दिन ग्रह-नक्षत्रों की विशेष स्थिति देखने को मिलेगी। 02 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण पर कन्या राशि में एक साथ चार ग्रहों का संयोजन एक साथ देखने को मिलेगा यानी चार ग्रह एक साथ कन्या राशि में विराजमान रहेंगे, जिसके चलते चतुर्ग्रही योग को निर्माण होगा।

सूर्य ग्रहण पर 02 अक्तूबर को कन्या राशि में एक साथ चार ग्रहों का संयोजन एक साथ देखने को मिलेगा यानी चार ग्रह एक साथ कन्या राशि में विराजमान रहेंगे। इस बार ग्रह-नक्षत्रों के हिसाब से अक्टूबर का महीना बहुत ही खास रहने वाला होगा। अक्टूबर के शुरू होने के साथ ही साल का दूसरा और आखिर सूर्य ग्रहण लगेगा।




#### सूर्य ग्रहण और ग्रहों की स्थिति

ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक 02 अक्तूबर को सूर्य ग्रहण पर कन्या राशि जिस पर बुध ग्रह का स्वामित्व है, उसमें सूर्य, बुध, चंद्रमा और केतु यह चारों ग्रह एक साथ विराजमान रहेंगे। इस तरह से एक राशि में चार प्रमुख ग्रहों के होने से चतुर्ग्रही योग का निर्माण देखने को मिलेगा। इसके अलावा अगर अन्य दूसरे सभी ग्रहों की बात करें तो सूर्य ग्रहण के दिन देवगुरु बृहस्पति वृषभ राशि में मौजूद रहेंगे। ग्रहों के सेनापित मंगलदेव मिथुन राशि में, शुक्र तुला राशि, राहु मीन राशि में और शनिदेव वक्री स्थिति में अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में विराजमान रहेंगे।

#### साल के आखिरी सूर्य ग्रहण की खास बातें

चंद्र ग्रहण के 15 दिनों के बाद 2 अक्टूबर को साल का यह आखिरी सूर्य ग्रहण होगा, फिर इसके बाद साल 2025 में ग्रहण होगा। यह सूर्य ग्रहण वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जिसके चलते कुछ स्थानों पर ग्रहण के दौरान रिंग ऑफ फायर का नजारा साफ तरह से देखा जा सकेगा। साल का यह ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा क्योंकि जब ग्रहण होगा तब देश में रात रहेगी। देश में ग्रहण नहीं दिखाई देगा, जिसके चलते इस ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। सूर्य ग्रहण भारतीय समयानुसार 02 अक्टूबर को रात 09 बजकर 13 मिनट से आरंभ हो जाएगा जो देर रात 03 बजकर 17 मिनट पर खत्म होगा। साल के अंतिम सूर्य ग्रहण का नजारा दक्षिणी अमेरिका, प्रशांत महासागर, पेर, अर्जेंटीन और फिजी में देख जा सकेगा। साल 2024 का यह आखिरी सूर्य ग्रहण होगा फिर अगल सूर्य ग्रहण साल 2025 में 29 मार्च को लगेगा।

### 3275 हितग्राहियों की राशि खाते में पहुंची



**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यशाला ग्राम पंचायत साधुमिचगांव में आयोजित कर आसपास के ग्राम पंचायत गुदुम, सुरुगदोह, कोड़ेकुर्सी के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व हितग्राहीयो का कार्यशाला आयोजित कर लेआउट, भूमि पूजन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2024-25 के अंतर्गत विकासखंड में कुल 3275 हितग्राहियों के खाते में राशि पहुंच चुकी है, सभी को गुणवत्ता पूर्ण मकान बनाना है। इस अवसर पर जनपद के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### अवैध चखना दुकानों व अतिक्रमण को हटाएं

**फरसगांव।** नगर के बड़ेडोंगर रोड पर अवैध चखना दुकान और हो रहे अतिक्रमण को लेकर सोमवार को पुलिस और प्रशासन निरीक्षण कर दुकानों को तत्काल हटाने को कहा गया । दुकान नहीं हटाने पर उन्हें कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई । ताकि आगामी नवरात्रि पर्व में बड़ेडोंगर रोड में भीड़भाड़ की स्थिति ने आए । इस दौरान फरसगाँव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम, एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा, तहसीलदार डॉ. जयकुमार नाग, थाना प्रभारी नरेश साहू, सीएमओ बंसीलाल नरेटी सहित राजस्व और नगर पंचायत की टीम मौजूद रही।

### आपदा पीड़ित वारिसों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 2 प्रकरणों में वारिसों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा केशकाल तहसील के ग्राम बिन्झे निवासी सुदूराम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पुत्रिया सनो, सनिता, अनिता, सुमित्र को तथा केशकाल तहसील के ग्राम नाचनडिही बेड़ठेमली निवासी लखमीबाई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति बीरसिंह को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# मांदर की थाप और रेला-पाटा नृत्य में सगाजन जमकर थिरके

## बस्तरिया पारंपरिक आदिवासी पोशाक में लोगों ने शिरकत की गायता जोहारनी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत मुंडा क्षेत्र बुनागाँव के ग्राम कराठी आलवाड़ में खंड स्तरीय गायता जोहारनी कार्यक्रम 29 सितंबर को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में 14 पंचायत के 37 ग्राम के सगाजनों ने सर्वप्रथम पेन–पुरखा बुढ़ादेव, आंगादेव और जिम्मेदारीन याया की सेवा अर्जी कर सभी गायता, पुजारी को कुड़ई पत्ता में नये चांवल का चिवड़ा खिलाया। साथ ही उन्हें पगड़ी पहनाकर भेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने सभी सगाजनों को गायता जोहारनी की बधाई दी। उन्होंने समाज की मांगों को पूरा करते हुए तत्काल सामाजिक भवन के लिए 10 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। समाज प्रमुखों ने उन्हें भेंट देंकर सम्मानित किया। गाँव–गाँव से आए लया लयोर द्वारा बस्तर की पारंपरिक रीति–रिवाज ,बस्तरिया परिधान में रेला – पाटा नृत्य और मांदरी नाचा ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सूरज नेताम और दीपक कोर्राम द्वारा मंच का संचालन किया गया।

मुंडा क्षेत्र बुनागाँव कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी ने सामाजिक भवन के लिए दिया 10




**रीतिरिवाज के साथ सामाजिक एकता जरूरी**

*कार्यक्रम में मुंडा क्षेत्र अध्यक्ष फिरती कोर्राम और ने पंचायती राज व्यवस्था, दिनेश कोर्राम, गंगा नेताम ने आदिवासी संस्कृति और रीति–रिवाज, दया नेताम ने शिक्षा और स्वास्थ्य, तुलसी नेताम ने पेसा कानून अधिनियम और उनके अधिकार, योगेश मरकाम और सोनसिंह कोर्राम ने पर्यावरण संरक्षण, इसके साथ ही सामाजिक पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता और उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए।*

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में लगा स्वास्थ्य शिविर

## 112 स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत जिले के विकास नगर स्थित सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 112 स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। इन स्टॉल्स में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, श्रम विभाग, मुद्रा लोन, बैंक लोन, पेंशन, जन धन योजना, आधार कार्ड, स्वास्थ्य बीमा, विद्युत विभाग से संबंधित सेवाएं शामिल थीं।

■ स्टालों में विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

शिविर के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। वहां दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता दीदीयों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के इस शिविर के माध्यम से न सिर्फ स्वच्छता दीदियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित किया गया बल्कि आम नागरिकों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 1 आवेदन, आयुष्मान कार्ड के 27, आँखों के जाँच के 53 आवेदन, नल कनेक्शन के 2 आवेदन, पीएम स्वनिधि के 48 आवेदन, पेशन से सम्बंधित 7 आवेदन, राशन कार्ड के 30 आवेदन, श्रम कार्ड के 46 और 25 लोगों ने आधार अपडेट कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई और संयुक्त कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं नगर पालिका के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।







## पूर्व सैनिकों के ट्रेनी बच्चों ने मानव श्रृंखला बना दिया स्वच्छता संदेश

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अंतर्गत आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत ट्रेनी बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एक साइकिल और बाइक रैली का भी आयोजन किया गया। रैली नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर को रवाना किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

■ साइकिल और बाइक रैली को नपा उपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हर घर स्वच्छता, घर–घर स्वच्छता के नारों के साथ लगभग 500 लोगों ने रैली में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर सुब्रत साहा, सूरज यादव सहित नगर पालिका के सभी अधिकारीकर्मचारी और अन्य भूतपूर्व सैनिकों के साथ आम नागरिक उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय आयोजन में समितियों ने दो दिन दी प्रस्तुति

# डिहीपारा में हुआ मानस गान अलंकरण एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

वैश्विक स्तर पर वैचारिक पटल मानस दर्शन जीवन अर्पण आयोजक की प्रथम ऑनलाइन मानस संगोष्ठी छग के संस्थापक परिकल्पनाकर्ता दीपक गुहा मानस जिज्ञासु मरौद धमतरी छग समस्त संयोजक मंडल, जिला संयोजक के नेतृत्व में मानस दर्शन सनातन धर्म का जागरण कर जन-जन में धर्म संस्कृति को जागृत करने हेतु मानस का वृहद आयोजन प्रारंभ हुआ। चतुर्थ संस्करण का आयोजन केशकाल बोरगांव शीतला मंदिर प्रांगण में सुबह 9 बजे से ही 28 एवं 29 सितम्बर को किया गया। मानस मंथन 4.0 पितृ देवो भव सम्मान एवं अलंकरण समारोह महायज्ञ के रूप में श्राद्ध की इस पवित्र मास में समस्त पितरों को मानस दर्शन की ओर से श्रद्धांजलि गई। इस अवसर पर अयोध्या से आए राष्ट्रीय संत सियाराम शरण महाराज के सानिध्य में दिव्यतम आयोजन प्रारम्भ हुआ। प्रत्येक जिलों से चयनित मानस मंडलियों के बीच विभिन्न सोपानों का मानस गान व्याख्यान प्रतियोगिता के रूप कार्यक्रम आयोजित हुए। मानस में जीवन व्यतीत करने वाले विभूतियों के स्मृति में मानस के पुरोधा अनुभवी गुरुजन का भी अलंकरण किया गया । केशकाल के शीतला मंदिर समिति द्वारा आयोजित मानसगान सम्मेलन मानस दर्शन जीवन अर्पण का आयोजन शुक्रवार देर शाम का कलश यात्रा के साथ बस स्टैंड केशकाल से शुरू किया गया। शनिवार को कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन देव चंद मातलाम जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवचंद मातलाम ने कहा कि मानस को आगे बढ़ाना है तो सब लोग एक एक वृक्ष लगाएं तथा देखभाल करें। उन्होंने अयोध्या से आएं गुरुजनो का आशीर्वाद भी लिया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद व तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संरक्षक मोहन मण्डावी ने कहा कि मानस के बिना जीवन अधूरा है। नित मानस का वाचन करें। उन्होंने विभिन्न पर्व त्यौहार के गीत प्रस्तुत किए। संगीत पक्ष मे सुकमा के मानस कलाकारो ने सहयोग किया।

■ मानस के बिना जीवन अधूरा : पूर्व सांसद मंडावी






कार्यक्रम में मुख्य रूप से वक्ता राष्ट्रीय संत श्री सिया राम शरण ने मानस दर्पण जीवन अर्पण कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं की मंच से तारीफ की तथा मानस पर शानदार प्रवचन किया। इस अवसर पर शीतला माता समिति डिहीपारा व तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर दुदावत भी वीसी में हुए शामिल

# मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर्स की बैठक लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जिलेवार विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक जरूरत पड़ने वाले सभी प्रमाणपत्र नागरिकों को समय पर उपलब्ध कराने और हितग्राहियों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उक्त बैठक में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर कुणाल दुदावत भी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। मुख्य सचिव ने आज वीसी के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारी समिति के गठन के एक–एक अधिकारी स्वयं गांव में जाकर समिति गठन की प्रक्रिया पूरी कराएं। इस कार्य में अन्य विभागों का सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने देश भर में 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता लक्षित इकाई, सफाई सुरक्षा मित्र, स्वच्छता में जनभागीदारी सहित संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सभी गतिविधियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र अंतर्गत ठोस और लिक्विड कचरा प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली।

**नियमित बैठक आयोजित करें**

सीएस श्री जैन ने प्रदेश में मादक पदार्थों पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए भी कारगर कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तरीय समिति का हर महीने नियमित बैठक आयोजित हो। नशे की डिमांड पर नजर रखें और इस अभियान में स्वयंसेवकों, एन एसएस और रेड रिबन क्लब को भी शामिल कर जनजागरुकता अभियान चलाएं। इसके अलावा बैठक में डिजिटल फसल सर्वेक्षण, जल जीवन मिशन के कार्योंर् के प्रगति की समीक्षा, मुख्य मार्गों से पालतू एवं आवारा पशुओं को हटाने के कार्य का प्रभावी क्रियान्वयन, राशनकार्ड का ई केवायसी, खरीफ विपणन में धान उठाव सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

# बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य तैयार करें कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा की गई। जिसमें कलेक्टर ने कमजोर विद्यार्थियों के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर असंतोष जताते हुए प्राचार्य को विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि कमजोर विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार हो सके। उन्होंने प्राचार्य को प्रत्येक महीने की 5 तारीख तक कमजोर बच्चों के मूल्यांकन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही शत प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिन विषयों में छात्र कमजोर हैं, उन विषयों के शिक्षक अभिभावकों के साथ बैठकर समीक्षा करें।

■ केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

कलेक्टर ने विद्यालय में एक अंग्रेजी शिक्षक को अटैच करने के निर्देश देते हुए विद्यालय के लैब, खेल गतिविधियों और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने नगरपालिका के स्टेडियम को सप्ताह में एक दिन स्कूली बच्चों के लिए बैडमिंटन के अभ्यास के लिए आरक्षित रखने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चे खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बैठक में विद्यालय प्रबंधन के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे।

**कमजोर बच्चों को को दें जूते**

कलेक्टर ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को चिन्हित कर उन्हें जूते उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल, सुरक्षा कैमरे और प्रोजेक्टर की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के अद्यतन की जानकारी लेते हुए परिसर में ही आधार अपडेट कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें अभिभावकों की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में कचरे के निपटारे की व्यवस्था के लिए सीएमओ कोंडागांव को उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।

# बड़े बेंद्री स्कूल के विद्यार्थी जोन स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पीएम स्वामी आत्मानंद विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक विज्ञान प्रदर्शनी, एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंद्री के विद्यार्थियों ने जीत का परचम लहराया है। विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण में एवं व्याख्याता अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र बीरेंद्र यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपशिष्ट प्रबंधन मे प्रथम स्थान, समूह प्रोजेक्ट कार्य में मणिलाल कोर्राम और दुर्गेश नेताम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिज्ञासा मानिकपुरी और अरविंद कोर्राम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो गत वर्षो में भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंद्री की विद्यार्थी विज्ञान प्रदर्शनी में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। अन्य विधाओं जैसे मानव श्रृंखला का निर्माण कर संदेश देना आदि में भी काफी ज्यादा सक्रिय रहते हैं।





## बकावंड ब्लाक के स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया जाएगा वृद्धजन दिवस आज

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में वृद्धजन दिवस के संबंध में सेक्टर पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वृद्धजन दिवस को कैसे मनाया जाए एवं अधिक से अधिक वृद्धजनों को स्वास्थ्य लाभ देने प्रशिक्षण दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### सड़क दुर्घटना में...

जा रहा था। पीव्ही 78 चौक के पास वाहन अनियंत्रित हो गया, जिससे वह दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पैसे की बात...

पिता के दाहिना कंधा में चोट लगा है।

कांकेर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई।

### बाजारपारा मैदान...

शामिल थे। जुआरियों के कब्जे से कुल 2 हजार 150 रूपएं नगद, ताश के 52 पत्ती व दो नग प्लास्टिक बोरी बरामद किया।

पखांजुर पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। जुआरियों को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है।

# घर में घुसकर छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार को भेजा गया जेल




**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को बांदे पुलिस ने 24 घंटा के भीतर धर दबोचा। आरोपी को न्यायलय में पेश कर जिला जेल भेजा गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 28 सितंबर की रात को खाना खाने के बाद करीबन 11 बजे अपने घर के कमरे आराम कर रही थी। उसी समय पीव्ही 87 जयदेवपुर निवासी दीपक दास पिता भवेश दास अचानक घर के अंदनर आ गया और बुरी नियत से हाथ बांह को पकड़कर खींचने लगा। विरोध करते हुए जोर-जोर से चिल्लाई तब घरवाले आवाज सुनकर आए। घरवालो को आता देख आरोपी दीपक दास गाली देने लगा और घर से निकलकर भागने लगा। आवाज सुनकर पड़ोसी भी आ गए और बीच बचाव किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बांदे पुलिस ने एसपी आईके ऐलिसेला के निर्देशन पर एएसपी पखांजुर डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन पर एसडीओपी पखांजुर रवि कुमार कुजूर के पर्यवेक्षण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी छेड़खानी करने वाले आरोपी दीपक दास को 30 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पखांजूर पेश किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी दीपक दास को जिला जेल कांकेर दाखिल किया गया।

# सुरक्षा गार्ड की 9000 की नौकरी के लिए 30 हजार की रिश्वत मांगी

## पीड़ितों ने कहा- 30 हजार की मांग की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधायक ने मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मियों से अवैध वसूली एवं अवैधानिक तरीके से काम से निकाले जाने के विरुद्ध कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्रवाई करने एवं पात्र सुरक्षाकर्मियों को नौकरी में रखने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने वसूली करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया।

बाम्बे सुरक्षा कंपनी भोपाल के द्वारा बस्तर के बेरोजगार आदिवासी युवाओं को नौकरी में रखने के नाम से 30-30 हजार रुपए की अवैध वसूली की जा रही है।

# पुलिस कप्तान ने ली होटल-लॉज, ढाबा व रिसॉर्ट संचालकों की बैठक

## गरबा नृत्य कराने से पूर्व एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर दशहरा व नवरात्री से पूर्व आने वाले पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए मंगलवार को पुलिस कप्तान द्वारा शहर के हॉटल, लॉज, ढांबा व रिसॉर्ट संचालको की मीटिंग ली गई। इस दौरान संस्थानों में गरबा नृत्य कराने से पूर्व एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से लेने कहा गया। वहीं आने वाले विदेशी व देशी पर्यटकों की ऑनलाईन गुगल सीट में जानकारी देने निर्देश दिया गया। वहीं इन सभी सस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने कहा गया।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने मिटिंग में मौजूद हॉटल, लॉज, ढांबा व रिसॉर्ट संचालको से सीसीटीवी से निगरानी रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की तत्काल जानकारी कहा गया। दशहरा व नवरात्री पर्व के दौरान गरबा नृत्य कराने से पूर्व संचालकों से एसडीएम से अनिवार्यतः अनुमति लेने कहा गया। होटल व लॉज में रहने वालों की जानकारी संबधित थाना में ऑनलाईन गुगल सीट में अनिवार्य रूप से जानकारी देने निर्देशित किया गया।



शहर में सुरक्षा के उद्देश्य से एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में शहर में बढते अपराधो एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी उदित पुष्कर, आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में त्रिवेणी परिसर में मीटिंग आयोजित किया गया था। बैठक में थाना कोतवाली, बोधघाट व परपा के स्टॉफ के अलावा शहर के सभी होटल, लॉज, ढाबा व रिर्साट संचालक व मालिक मौजूद थे। मीटिंग का मुख्य बिन्दु सुरक्षा को ध्यान रखते हुये होटल व लॉज में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने एवं हॉटल व लॉज में चाईल्ड लेबर को काम नहीं कराये जाने तथा लॉज में आने जाने व ठहरने वाले विदेशी नागरिको के बारे में पूर्ण जानकारी लेकर समय पर उपलब्ध कराने, आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियो की जानकारी देने व नवरात्री पर्व के दौरान गरबा नृत्य के आयोजन पर एसडीएम से अनुमति लेने तथा समस्त जानकारी ऑनलाईन गुगल शीट के माध्यम से तैयार कराये जाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किया गया।

## खबर संक्षेप

### धुड़मारास-चित्रकोट ग्राम को मिला सम्मान



जगदलपुर। विश्व पर्यटन दिवस पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के तहत बस्तर के धुड़मारास एवं चित्रकोट ग्राम को विशेष सम्मान से सम्मानित किया है। चित्रकोट को सामुदायिक पर्यटन मॉडल के लिए और धुड़मारास को एडवेंचर पर्यटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान दिया गया है। यह सम्मान विगत दिवस नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा स्थानीय प्रतिनिधियों को प्रदान किया गया। इस सम्मान मिलने के पश्चात धुड़मारास एवं चित्रकोट ग्राम के प्रतिनिधियों ने रविवार को कलेक्टर हरिस एस. और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे से भेंटकर पर्यटन क्षेत्र में अपनी उपलब्धि के लिए प्रसन्नता जताई।

### केदारनाथ शर्मा बने बस्तर संभागीय अध्यक्ष



जगदलपुर। प्रदेश शिक्षक विधिक सेवा समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पटेल की मौजूदगी में हुई। जिसमें बस्तर के गोपेन्द सिंह शार्दूल को प्रदेश उपाध्यक्ष, सूरज निर्मलकर को प्रदेश संगठन महासचिव, केदारनाथ शर्मा को बस्तर संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### सक्षम का नगर प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ आंदोलन 4 को



जगदलपुर। सक्षम नगर अध्यक्ष सुनील नत्थानी ने बताया कि गौ वंशों की सुरक्षा के लिए लिखित में सूचना दी जा रही है। लेकिन प्रशासन इसे नजर अंदाज कर रहा है। जिसमे निगम के साथ यातायात विभाग भी जिम्मेदार है। गौ वंशों की सुरक्षा के लिए पूर्व में 4 दिन का भूख हड़ताल किया गया, निगम का घेराव कर कई बार ज्ञापन सौंपे गए। लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा और सडक पर बैठे गौ वंशों की दुर्घटना से मृत्यु का दर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुधवार तक सड़क से गौ वंशों को नहीं हटाया गया तो 4 अक्टूबर से सक्षम निगम और यातायात थाने के सामने आंदोलन करेगा।

### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन



कोंटा। सुकमा जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को ज्ञापन सौंपा। आवेदन में संघ ने कहा है कि पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर पांच लाख किया जाए। सम्मान निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त समाप्त हो ताकि ग्रामीण साथियों को भी लाभ मिले। सम्मान निधि की राशि 15 हजार की जाए। इस मौके पर सुकमा जिले के पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मूतनपाल व जामगांव में विधायक गोयल के नेतृत्व में चलाया गया विशेष सदस्यता अभियान

# सैकड़ों ग्रामीण ले रहे भाजपा की प्राथमिक सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बास्तानार ब्लाक के मूतनपाल व जामगांव में सोमवार को चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के नेतृत्व में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया।

- सोशनपाल में पोषण आहार अभियान में शामिल हुए विधायक

इस दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा के प्रति विश्वास जताते हुए अन्य ग्रामीणों को भी भाजपा की सदस्यता दिलाने का संकल्प लेते हुए प्राथमिक सदस्यता ली। इस अवसर पर विधायक गोयल ने कहा कि विशेष सदस्यता अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाना और उन्हें संगठन से जोड़ना है। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सदस्यता अभियान के दौरान विधायक गोयल ने ग्रामीणों को पार्टी के उद्देश्यों और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही ग्रामीणों को सदस्यता फॉर्म भरवाकर उन्हें पार्टी का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान किया गया। विधायक ने कहा कि इस अभियान से न केवल सदस्यता बढ़ाया जा रहा है बल्कि ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने और एकजुटता को बढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने एकजुटता के साथ विकास की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि पिछले दो दिन में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली उन्होंने कहा कि यह अभियान निस्संदेह ग्राम पंचायतों के लिए एक नया अध्याय लेकर आया है। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के अलावा बास्तानार मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, बलदेव मण्डावी, बाबुल नाग, कमल ठाकुर, संतोष ठाकुर, कोसाराम, बुधराम पदामी, विमल पाण्डे, ममता मण्डावी, प्रवीन कश्यप, बसंत, लखुराम समेत भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।



### विधायक ने बच्चों का कराया मुंह मीठा

अपने प्रवास के दौरान विधायक गोयल तोकापाल मण्डल के ग्राम पंचायत सोसनपाल में पोषण आहार अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को चॉकलेट से मुंह मिठा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक गोयल ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक आहार के महत्व के बारे में जानकारी देना है। आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से स्थानीय बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा जिससे उनके शारीरकि व बोद्धिक विकास में मदद मिलेगी। वहीं इस पहल से ग्रामीण समुदाय में पोषण से संबंधित जागरूकता बढ़ेगी और बच्चे स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

### पितर पखवाड़ा में कवियों ने गीत, गजल और कविता से शब्द सुमन किया अर्पण



जगदलपुर। शासकीय जिला ग्रंथालय में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति, बस्तर जिला इकाई द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ। सरस्वती-पूजन के साथ कवि-कवियित्रियों ने काव्य-पाठ किया। चमेली नेताम ने सरस्वती-वंदना प्रस्तुत की। शिवसागर त्रिपाठी ने कविता पाठ किया। डालेश्वरी पांडेय ने कविता और हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुति दी। डॉ. सुशील कुमार साहू ने काव्यपाठ किया। अवध किशोर शर्मा ने कविता, विपीन बिहारी दास गजल, कृष्णशरण पटेल गजल, अनूप कुर्रे हास्य-व्यंग्य, शिरीष कुमार व नरेन्द्र कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किए। चमेली नेताम ने पितर से संबंधित सुंदर दोहा प्रस्तुत की। अनिल शुक्ला ने कविता प्रस्तुत किया। संचालन रामेश्वर प्रसाद चंद्रा व आभार अवध किशोर शर्मा ने माना।

# पामेड़ में शहीद जवान की वीरता को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

ग्राम-लामा, जिला-बांदा में शहीद जवान विकास कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह समारोह उनके अदम्य साहस और बलिदान को समर्पित है, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस कार्यक्रम में शिवराज ए.एस.पी. बांदा, निरीक्षक सुखराम एस.एच.ओ. जमालपुर कोतवाली, निरीक्षक उमेश कुमार सोनी 204 कोबरा बटालियन, उप-निरीक्षक गणेश प्रसाद लोधी गुरप केंद्र अमेठी तथा बड़ी संख्या में जनसमूह मौजूद रहकर शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी। अनावरण के दौरान शिवराज ने कहा यह प्रतिमा हमें याद दिलाती है कि देश की सुरक्षा के लिए हमारे जवानों ने कितने बलिदान दिए हैं। ज्ञात हो कि 10 फरवरी को 204 कोबरा के जवान परिचालन ड्यूटी के लिए अति-नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम-इरापल्ली, थाना-पामेड़, जिला-बीजापुर में गये थे। जहां नक्सली मुठभेड़ के दौरान 204 कोबरा के शहीद जीडी अजित सिंह, शहीद जीडी विकास कुमार तथा शहीद जीडी पूर्णानन्द साहू ने अपना सर्वोच्च निछावर किया।

समारोह में स्थानीय नागरिकों, बल के जवानों और स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया और शहीद की वीरता की सराहना की। उपस्थित नागरिकों ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि यह प्रतिमा न केवल शहीद जवान की याद में है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का एक स्रोत भी है। हम सभी को उनके बलिदान को याद करते हुए देश की सेवा के प्रति जागरूक रहना चाहिए।



## कलेक्टर से मिले महापौर और भाजपा के पार्षद...



जगदलपुर। कलेक्टर हरीश एस से आज भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने महापौर सफीरा साहू के नेतृत्व में कलेक्टोरेट में मुलाकात की।

# बाइक से बस्तर से गोवा का सफर करके लौटे दो युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के युवा व्यवसायी चंदन दास और विवेक पेगड़ बाइक ड्राइविंग के शौकीन है जिन्होंने बस्तर से गोवा तक का सफर बाइक में तय किया। सोमवार को उनकी वापसी हुई। इस मौके पर उनके परिजन एवं मित्रों ने स्वागत किया। चंदन और विवेक ने बताया बस्तर वनांचल क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिसका संदेश लेकर गोवा तक गए साथ ही जगह जगह के पर्यटकों से बस्तर आने की अपील की। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सभापति नरसिंह राव, विनोदनी दास, पूजा दास, जागेश्वरी दास, सच्ची पेगड़, रमेश राव, सिराज, मनीष, विमल त्रिपाठी, श्रीनिवास राव, संजय पारख सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# आईजी, कलेक्टर एसपी समेत वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने किया कपालभाती-अनुलोम विलोम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पतंजलि योग समिति द्वारा बस्तर संभाग और जिला मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के सानिध्य में योग विज्ञान चिकित्सा शिविर का विशेष योग सत्र लगाया जा रहा है। जिसमें बस्तर संभाग के सभी प्रशासनिक अधिकारी योग के द्वारा दैनिक स्वास्थ्य खानपान के साथ साथ तनाव प्रबंधन के गुर सिख रहें हैं। योग सत्र में प्रमुख रूप से आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर एस हरीश, एसपी शलभ कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, डीएफओ वनमंडल उत्तम कुमार, निगम आयुक्त हरेश मंडावी, एसडीएम भरत कौशिक, एडिशनल एसपी महेश्वर नाग, सीएसपी आकाश श्रीमाल, टीआई कोतवाली शिवानन्द सिंग सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी शामिल हुए। आईजी ने कहा कि जीवन में योग की उपयोगिता महत्वपूर्ण है। आहार विहार और योगाभ्यास द्वारा बिना खर्चे के स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को विशेष योग के सभी सत्र में भाग लेने का आग्रह किया।

# चंद्रशेखर आजाद सरोवर क्षेत्र में पीपल के पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पीपल्स केयर ने ने अनुठा पहल करते हुए जन्मोत्सव पर पीपल के पौधे लगाने का आव्हान किया। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद सरोवर के समूचे क्षेत्र में पीपल के पौधों का रोपण किया गया। चूंकि पीपल पौधा सनातनी हिंदुओं के लिए देवता तुल्य है। इसलिए प्रत्येक सनातनी को उनके जन्मोत्सव, वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य विशेष प्रायोजन में एक पीपल पौधा रोपण करने का अभियान संस्था द्वारा चालाया जा रहा है। बस्तर जिला सर्व ब्राम्हण समाज के कर्मकर्ता व उन्नत कृषक राकेश रथ ने लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित चंद्रशेखर आजाद सरोवर में पीपल का पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सचिव किशोर जाधव, शेखर बोस, अजय परमार, अनिल सामंत, अनूप मेहरा, अभय दीक्षित, शिवनारायन मोहंती, केदार ठाकुर, राकेश साहू, संजय सामंत, सतीश साहू, रविन्द्र दास, प्रवीर द्विवेदी, सुनील साहू, विजय पचौरी, सुमित बाजपाई व अन्य सम्मलित थे।



### योग प्रेमियों ने किया ताड़ासन, तिर्यक कटी चक्रासन और सूर्य नमस्कार

जगदलपुर। शिवम योग समिति व जलाराम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय योग साधना शिविर का मार्गदर्शन मुंगेर से पधारे योगाचार्य बाल योगेश कर रहे है। शिविर का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन, दंतेश्वरी माई व स्वामी के चित्रों पर मालार्पण से हुआ। योगाचार्य दौलत सिंह, श्याम सोमानी, अरुणा जोबनपुत्रा व आयोजकों ने दीप प्रज्ज्वलन व मालार्पण किया। बाल योगेश व सहायक सेनापति का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। मंत्रोच्चार व भजन के बाद योगाचार्य ने योग के आसनों के बारे में विस्तार से बताते हुए आसनों का अभ्यास कराया। लोगों ने ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटी चक्रासन के बाद सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इसके पश्चात शवासन व अन्य आसनों को करवाया। योग में योगनिद्रा तनाव को काम करने व एकाग्रचितता बढ़ाने में बहुत सहायक हैं, योगनिद्रा के दौरान रोमांचक अनुभव का उल्लेख कई साधक कर रहे थे। प्राणायाम के तहत भस्रिका व भ्रामरी प्राणायाम का गहन अभ्यास करवाया व शांतिपाठ के साथ सत्र का समापन हुआ।

### नेतानार, कोलावाड़ा जैसे सुदूर अंचल में शिविर, ग्रामीणों को मिला लाभ

जगदलपुर। 80वीं वाहिनी नेतानार तथा आयुर्वेद अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा मुफ्त चिकित्सा शिविर जितेन्द्र कुमार कमाण्डेंट के नेतृत्व में अतिसुदूर ग्राम-नेतानार के कोलावाड़ा में किया गया। कार्यक्रम में नेतानार, कोलावाड़ा एवं आसपास के चायकुर, गहुंपदर, गोरियापाल व अन्य ग्राम के बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कुली बच्चों ने शिविर का लाभ लिया। 80 वी वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी, नेतानार एवं जगदलुपर के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ माहिनी साहु द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य चेक अप किया एवं मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने सरकार एवं केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के प्रयास की सराहना की। जितेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों से उनके विकास एवं सहयोग के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन का आश्वासन दिया। जो लोग मुख्य धारा से बिखर गये हैं उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की। इस दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी 80 वी वाहिनी के डॉ उत्पल गगोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नेतानार एवं जगदलपुर के डॉ तृप्ति यादव डेन्टल सर्जन, डॉ रमेश खुटेशर विशेषज्ञ चिकित्सक, डॉ जन्मेजय सिदार, समीर शुक्ला, रीता शुक्ला, अल्पना रानी जोन, सुखदेई नाग जनपद सदस्य, सोमारी सरपंच कोलावाड़ा मौजूद रहे।

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and 2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and 3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and 4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR 1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and 2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेन समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**पंडरीपानी।** प्रांतीय झेरिया नाई सेन समाज का प्रदेश स्तरीय बैठक शनिवार को दुर्ग में हुआ। बैठक में सर्व प्रथम समाज के ईस्ट देव ईस्ट गुरु संत शिरोमणी सेन जी महाराज के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। बैठक की रूप रेखा एजेंडा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक ने कहा कि सेन समाज के बारे में कहना मेरे लिए छोटी मुंह बड़ी बात होगी, क्योंकि सेन समाज एक ऐसा समाज है की हर परिस्थिति में सेन समाज की अवस्यकता पड़ती हैं। जब भी आप लोग मुझे याद करेंगे मैं हमेश आप सब लोगों के साथ खड़ा रहूंगा, हर सुख दुख में आप के साथ हुं।

### निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आज होगा

**कांकेर।** जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा एक दिवस निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन आज 01 अक्टूबर मंगलवार को आयुष पॉलीक्लीनिक श्रीरामनगर में प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक किया जाएगा। उक्त शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी पद्धति के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाएगा, जिसमें मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप, उदर संबंधी बीमारियां, कर्ण मुख नासागत रोग, बवासीर, भंगदर, नाड़ी व अस्थि संधिजन्य रोग, वृद्धावस्था जन्य रोग विकार, किशोरी-किशोरावस्था जन्य व्याधियां, कुपोषण जन्य व्याधियां, रक्त एवं नेत्र जांच परीक्षण तथा मौसमी एवं सामान्य रोगों का उपचार किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि आयुष चिकित्सा शिविर में उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य जांच कराकर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से कमार हितग्राही का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री आवास योजना विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राहियों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। पक्का आवास मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। अब वे अस्थायी कच्चे मकान को छोड़कर अन्यत्र स्थानांतरित नहीं होते, बल्कि एक जगह पर स्थायी रूप से निवास करने लगे हैं। जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम दलदली निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति की कमलाबाई कमार का भी कुछ ऐसा ही मानना है। उन्होंने अपनी कमारी बोली में कहा हर बछर आलोगा कुड़यि छयला क खपरा ए पलटू लागत आछय, पाक्यो कुड़यि मिवचा ये चो कुसकुल ये मुक्ति मिवचो। अर्थात कच्चे कवेलूपोश घर की छावनी छत से हर साल खपरैल बदलना पड़ता था, इससे कई तरह की परेशानियां होती थीं। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका पक्का आवास बन जाने से इस समस्या से मुक्ति मिलेगी। कमलाबाई ने बताया कि वह बांस से निर्मित विभिन्न प्रकार की टोकरी, चरिया आदि बनाकर व उनको बेचकर मुश्किल से अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। पक्का आवास बनाना उनके लिए सिर्फ एक जैसा सपना था, जो प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हो रहा है। उन्होंने संतुष्टि भरी मुस्कान के साथ बताया कि योजनांतर्गत पहली किस्त की राशि प्राप्त हो चुकी है, जिससे वे अपने घर का दीवार लेवल तक निर्माण कार्य करा चुकी हैं।

## मिलेगी राहत तो करेंगे तरक्की



### यह योजना वरदान

दूसरी किश्त के साथ ही शेष निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा। साथ ही अपने ही घर में मजदूरी करने से मनरेगा के अंतर्गत रोजाना अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। इस तरह विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों के लिए भी यह योजना वरदान साबित हो रही है।

## स्पर्धा : रचनात्मक लेखन और भाषण स्पर्धा में झलकी प्रतिभा

# भानुप्रतापदेव महाविद्यालय के हिंदी पखवाड़े में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विगत दिवस हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर किया गया। हिंदी पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ वीके रामटेके, अध्यक्षता डॉ एसआर बंजारे अध्यक्ष हिंदी विभाग ने किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर एवं गुलदस्ता से स्वागत किया गया और साथ ही एमए हिंदी के विद्यार्थियों में अपने हाथ से बने आकर्षक एवं बहुरंगी शुभकामना पत्र भी भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

प्रभारी प्राचार्य डॉ वीके रामटेके ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया। हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है जो सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। डॉ एसआर बंजारे ने कहा कि हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसके शब्दकोश में लाखों शब्द हैं। हिंदी जैसी लचीली एवं अन्य भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने वाली भाषा विश्व में बहुत ही कम है। इस कार्यक्रम को डॉ लक्ष्मी लेकाम, डॉ कमला ठाकुर, डॉ अर्चना सिंह, डॉ बसंत नाग ने भी संबोधित किया। हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता एवम भाषण प्रतियोगिता प्रमुख हैं। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम कोमल मरकाम बीएससी भाग दो, द्वितीय सुप्रीति राठौर बीएससी भाग दो एवं तृतीय कुमारी ज्योति नेताम एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर रहे। वहीं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दामिनी खरगिया एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय दिव्यांशु कोरेटी बीए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान दीपिका कोडोपी एमए तृतीय सेमेस्टर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका मिश्रा, लिलेश्वर मानिकपुरी, हर्षलता साहू, दिव्यांशु नरेटी, हर्षा हिरवानी, मनेश्वरी सेवता, दामिनी खरगिया, महेश्वरी आदि ने अपने विचार रखे।

आभार प्रदर्शन डॉ सीमा परिहार ने किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी स्नातकोत्तर विभाग के विद्यार्थी फूलचंद यादव, चेतना नेताम, तनुजा, दीपिका सिन्हा, इंद्र कुमार मरकाम, सोमेंद्र कुमार सुरोजिया, कामना नाग, नीतिका मंडावी, तरुण ठाकुर, चंद्रकला, खिलेश्वरी, तरुणा,योगिता, मानबती, हिमानी तेता, रोशनी, भगवती आदि का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार ज्योति, डॉ योगिता साहू, शिप्रा पंत, लुब्धेश्वरी साहू, शहाना शेख, कोमल सिंह भलावी उपस्थित रहे।

## जन योजना अभियान :अधिकारियों व फैसिलिटेटर को मिला प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जन योजना अभियान 2024-25 के तहत जिला पंचायत के सभा कक्ष में नोडल अधिकारियों एवं फैसिलिटेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान उप संचालक पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के विभिन्न चरणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारियों और फैसिलिटेटरों को जन योजना अभियान के उद्देश्यों, योजना निर्माण की प्रक्रिया और उसके कुशल क्रियान्वयन पर गहन जानकारी दिया गया। आशीष ठाकुर ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को पंचायत निर्णय मोबाईल एप्लिकेशन के उपयोग के बारे में भी विस्तृत प्रशिक्षण दिया, जो पंचायत निर्णयों को सुलभ और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एप्लिकेशन के विभिन्न उपयोगी फीचर्स और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने ब्लॉक नोडल अधिकारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं अवगत कराया कि पंचायत निर्णय मोबाईल एप्लिकेशन न केवल ग्राम पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायक होगा, बल्कि यह शासन की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ावा देगा।

### 2 अक्टूबर को प्रदेशभर के शिक्षक मांगेंगे अधिकार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा व विकास राजपूत ने कहा कि 2 अक्टूबर को मोदी की गारंटी लागू करने सत्याग्रह पदयात्रा कर हजारों शिक्षक अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेंगे।

# कोदापाखा के 30 ग्रामीण विधायक सावित्री के समक्ष कांग्रेस में शामिल



**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के नेतृत्व में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी के समक्ष कॉंग्रेस के विचारधारा से एवं विधायक के कार्यशैली से प्रभावित होकर के कोदापाखा के 30 ग्रामीणों ने कॉंग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस प्रवेश पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। कोदापाखा के 30 ग्रामीणों को विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। कांग्रेस प्रवेश करने वालो में हेमलता ध्रुव, देवकी नरेटी, जानकी बघेल, मनाय बाई, शिवलाल कोवाची, राजकुमार किवाची, रामनारायण यादव, सनऊ कोवाची, अस्सी कोवाची, घनश्याम कावाची, फूलसिंग कावाची, मगया राम कावाची, किशोर कोवाची, ठेलसिंह गावड़े, मुरली कोराई, सतेरी कोवाची, भुवन कोवाची, कैलाश पुडो, लालजी पुडो, जैतराम उसेण्डी, मोतीराम उईका, होमेंश्वर कोमरे, बैजनाथ आँचला, कमल कोवाची, धनीराम कोवाची, हिमांशु कोमरे रहे। इस अवसर पर अमिता उइके सदस्य जिला पंचायत, हुमन मरकाम विधायक प्रतिनिधि, सविता उइके महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष, मुकेश्वरी नरेटी सदस्य जनपद, सियाराम पोटाई सेक्टर प्रभारी, मंगलूराम ध्रुव वरिष्ट कॉंग्रेस नेता, रामजी ध्रुव, राजकुमार बघेल, ह्रदय बघेल उपस्थित रहे।

# दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर थानांतर्गत बरदेभाटा के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया था। ईलाज के लिए संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि सिंगारभाट निवासी 39 वर्षीय मृतक संतोष यादव पिता चंदन यादव 1 सितंबर को अपने दोस्त विजय कुमार नेताम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 5543 में पीछे बैठाकर बरदेभाठा से अपने घर सिंगारभाट जा रहा था। बरदेभाठा के पास पहुंचे थे कि रात करीबन साढ़े 9 बजें आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीटी 0626 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पिछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट आया। ईलाज के लिए संजीवनी 108 वाहन कि मदद से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। अगले दिन ईलाज के दौरान घायल का मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281,106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचनाम में लिया है।

# व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार, आईईपीएल के राज्य समन्वयक आदित्य पिल्लई और बृजेश कुमार शुक्ला ने विभिन्न विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए, विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में करियर निर्माण के अवसरों के बारे में जानकारी दी।

आईईपीएल के राज्य समन्वयक ने बताया कि अब कक्षा 9वीं व 11वीं में विद्यार्थियों को अपने रुचि के अनुसार विषय का चयन करने का विकल्प दिया गया है, जिससे वे संस्कृत या अन्य ट्रेड से 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद भी व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश ले सकेंगे। इसके साथ ही, कॉलेज स्तर पर बीवोक जैसे पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई, जो सीवी रमन जैसे संस्थानों में उपलब्ध हैं। बृजेश कुमार शुक्ला ने विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान प्रायोगिक कार्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हर महीने 2 अतिथि व्याख्यान और वर्ष में 2-3 औद्योगिक भ्रमण कराए जाएंगे, साथ ही ऑन जॉब ट्रेनिंग जैसी गतिविधियों से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। राज्य समन्वयक ने कांकेर जिले के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया, जिसमें स्वामी आत्मानंद विद्यालय नरहरपुर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरोंना, कन्या उच्च विद्यालय सरोंना और अन्य शामिल हैं।

इस औचक निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि व्यावसायिक शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा के प्रयासों से विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार मिलेगा।

## बाटनिकल गार्डन के लिए पानी की मांग



**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा के वानस्पतिक उद्यान में सुचारु रूप से पानी की व्यवस्था कराने के संबंध में एनएसयूआई चारामा ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके मरकाम को ज्ञापन सौंपा। चारामा एनएसयूआई अध्यक्ष लिकेश धृतलहरे ने बताया कि महाविद्यालय चारामा के एमएससी के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय चारामा में प्रोजेक्ट कार्य के तौर पर एमएससी वानस्पतिक उद्यान में पौधारोपण किया है, परन्तु पौधों को सींचने के लिए पानी की सुचारु रुप से व्यवस्था न होने की वजह से पौधे मरते जा रहें हैं। उक्त संबंध में प्राचार्य डॉ. केके मरकाम ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही महाविद्यालय के वानस्पतिक उद्यान में पानी की व्यवस्था कर दी जाएगी

### दस्त से महिला की 24 घंटे में मौत

**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम बनसागर निवासी एक महिला की दस्त की बिमारी से मौत हो गया। जानकारी के अनुसार बनसागर निवासी भानो बाई पति खिरमीट सलाम दस्त की समस्या से ग्रसित थी, उचित उपचार नही मिल पाने के कारण 24 घंटे के अंदर उनकी मौत हो गई। मृतिका के अलावा अन्य ग्रामीण अब भी दस्त की समस्या से ग्रसित है, आने वाले समय में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाने की संभावना है। ग्रामीणो ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को गांव में कैंप लगाना चाहिए।

# बस्तर ओलंपिक नवम्बर में, पंजीयन 1 से 20 अक्टूबर तक

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसकी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग नोडल होगा। जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी ने बस्तर ओलम्पिक-2024 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की प्रस्तावित तिथि 01 से 10 नवम्बर के मध्य एक दिवस, जिला स्तरीय आयोजन तिथि 10 से 22 नवम्बर के मध्य अधिकतम दो दिवसीय एवं संभाग स्तरीय आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 25 से 30 नवम्बर के मध्य तीन दिवसीय आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन के लिए विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर आयोग समिति का गठन किया जाएगा तथा संभाग तथा राज्य स्तर पर आयोजन समिति का गठन शासन द्वारा किया जाएगा। बस्तर ओलपिंक के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 01 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलेगी।

## 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा अभियान

# स्वच्छ अभियान के तहत साफ सफाई करके निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से प्राप्त निर्देश के परिपालन में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय द्वारा रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ डीएल पटेल के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत भंडारडिगी में किया गया।

स्वच्छता कार्यक्रम में सरपंच धनेश नरेटी, पूर्व सरपंच लच्छू राम नरेटी, ग्राम पटेल, गायता, ग्रामीण, सहायक प्राध्यापक डीएस कांगे, दिलीप कुमार ताम्रकार, महाविद्यालयीन स्टाफ व समस्त एनएसएस वॉलंटियर ने स्वच्छता की शपथ लिया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जीआर मंडावी ने कहा कि स्वच्छता को व्यवहार एवं संस्कार बनाकर ही भारत को स्वच्छ किया जा सकता है। ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत भंडारडिगी में गली-गली स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली और स्वच्छता का दीपक हर घर जलाने का संदेश दिए।

स्वयंसेवकों द्वारा गांव के हर गली, सड़क, चौराहा, नलकूप, तालाब, स्कूल परिसर व किराना दुकान आसपास प्लास्टिक पॉलिथीन, अपशिष्ट व गीला कचरा को इकट्ठा कर साफ-सफाई किया गया। गंदगी से स्वास्थ्य संबंधित होने वाली विभिन्न बीमारियों व दुष्प्रभाव से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए अपने आस-पास स्वच्छ रखने को कहा गया। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में ग्रामीण सहित कुल 112 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

